मानसिक स्वास्थ्य अस्पतालों को स्वायत्ता का दर्जा दिया गया है। ये कदम सेवाओं में सुधार तथा वृद्धि करने के लिए उठाए गए हैं।

नयी गर्भ निरोधक औषधि "निकवन-काइन" के संबंध में अध्ययन

8159. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को महिलाओं हेतु तैयार की गई एक नयी गर्भ निरोधक औषधि "निकवन-काइन" की जानकारी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस औषधि के संबंध में भारत में अथवा अन्य देशों में अब तक कोई अध्ययन और परीक्षण किये गए हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनके क्या परिणाम निकले हैं ; और

(घ) क्या सरकार इस औषधि को बिना मूल्य के वितरित करने पर विचार कर रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) :

(क) "निकवनकाइन" नाम से कोई औषध नहीं है। तथापि, गर्भनिरोधन के लिए क्वाइनाक्राइन की जांच की गई है।

(ख) और (ग) महिला नसबन्दी के एक गैर-शल्य चिकित्सीय तरीके के रूप में क्वाइनाक्राइन के चरण-1 की नैदानिक जांच संयुक्त राज्य अमेरिका में की गई थी। तत्पश्चात विभिन्न खुराक सूचियों के साथ चिली, फिलिपीन, इंडोनेशिया, वियतनाम आदि देशों में ऐसी जांच की गई थी। भारत में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा आठ महिलाओं पर एक छोटा सा अध्ययन किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस विधि से आगे और नैदानिक जांच का कार्य विष विज्ञान संबंधी अध्ययनों के पूरा हो जाने के बाद ही किया जाएगा।

(घ) जी, नहीं।

स्तन कैंसर और गर्भाशय के कैंसर के कारण मौतें

8160. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष स्तन कैंसर और गर्भाशय के कैंसर के कारण देश में राज्य-वार कितनी महिलाओं की मृत्यु हुई।

(ख) स्तन और गर्भाशय के कैंसर से पीड़ित रोगियों को आधुनिक तकनीक से इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

(ग) क्या सरकार स्तन और गर्भाशय के कैंसर के इलाज हेतु प्रत्येक राज्य में आधुनिक यंत्र / उपकरण उपलब्ध करने का विचार रखती है; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि नियत की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) :

(क) आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इसके निवारण, इसका शुरू में ही पता लगाने और उपचार सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 1990-91 से कई योजनायें शुरू की गई हैं।

(घ) आठवीं योजना के दौरान राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लिए 80 करोड़ रुपए की धनराशि निर्धारित की गई है।